भर्ती हेतु सूचना

प्रधान परामर्शदाता– (इंजीनियरिंग) (पीएमएसएसवाई) (1 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित बी.ई./बी.टेक. (सिविल/विद्युत/सू.प्रौ.) उपाधि। एमई/एमटेक (अवसंरचना/भवन विज्ञान/निर्माण प्रबंध) उपाधि को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

वांछित न्यूनतम अनुभवः 15 वर्ष

बड़े/बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल परियोजनाओं के सिविल या तत्संबंधी कार्यों के नियोजन, निविदा प्रक्रिया, निष्पादन और संविदा प्रबंध का सुसंगत अनुभव। केंद्रीय सरकार की सिविल विनिर्माण परियोजनाओं/कें.लो. निर्माण विभाग प्रक्रियाओं/जीएफआर/परियोजना संबंधी सरकारी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

अभ्यर्थी को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग या केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन में मुख्य इंजीनियर स्तर के पद पर न्यूनतम 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।

कर्तव्यः

(क) मंत्रालय में प्राप्त संकल्पना योजना (योजनाओं)/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (रिपोटों) का परीक्षण/ समीक्षा करना और आवश्यक सुझाव/सिफारिशें/सलाह देना;
(ख) सिविल एवं संबद्ध कार्यों के निविदा दस्तावेज (दस्तावेजों) का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना;
(ग) पीएमएसएसवाई परियोजनाओं/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सिविल एवं संबद्ध कार्यों से संबंधित और कार्यान्वयन के दौरान उठने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का परीक्षण करना, और सलाह देना;
(घ) विशेषताओं (स्पेसिफिकेशन्स) के आंकलन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना।
(ड.) नियोजित अनुसूची के अनुसार कार्य प्रगति का आंकलन करना और कार्यान्वयन अनुसूची को अद्यतन करना और सलाह देना।
(च) संभावित समस्याओं, विलंब/चूक के संभावित कारणों का पता लगाना और निवारक एवं आकस्मिक कार्रवाई का सुझाव और सलाह देना।
(छ) संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

पारिश्रमिकः

प्रधान परामर्शदाता (इंजीनियरिंग) को 1,00,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

आयु सीमाः अधिकतम 65 वर्ष

अपने कार्यवृत्त में आयु, उपाधियां प्राप्त करने के वर्ष, मौजूदा और पूर्व रोजगार की अवधि/तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा pmssy.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**